भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4302

उत्तर देने की तारीख 18 जुलाई, 2019
27 आषाढ़, 1941 (शक)

भारतीय कराटे परिसंघ के लिए सहायता

4302. श्री अब्दुल खालेकः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार भारतीय कराटे परिसंघ, यूनाइटेड कराटे डीओ संघ असम और बारपेटा जिला कराटे डीओ संघ को मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए कोई सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि असम के बारपेटा जिले से एक खिलाड़ी को 2018 में डरबन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित खेल में स्वर्ण पदक मिला था; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा उक्त खिलाड़ी और ऐसे अन्य खिलाड़ियों को क्या सहायता प्रदान की गई ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) यह मंत्रालय राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता की स्कीम के अंतर्गत मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता प्रदान करता है । इस मंत्रालय ने कराटे खेल के लिए भारतीय कराटे संघ (कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया) को राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्रदान की है । भारतीय कराटे परिसंघ (कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया), यूनाइटेड कराटे डीओ संघ असम और जिला बारपेटा कराटे डीओ संघ इस मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल परिसंघों के रूप में मान्यताप्राप्त नहीं हैं और इसलिए उन्हें कोई सहायता प्रदान नहीं की जाती है ।

(ख) और (ग) : जी हां । भारतीय कराटे संघ (कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया) ने सूचित किया है कि जिला बारपेटा के निशाद अली ने डरबन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 9 वीं राष्ट्रमंडल कराटे चैंपियनशिप, 2018 में स्वर्ण पदक जीता है । राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता की स्कीम के मानकों के अनुसार वित्तीय सहायता केवल मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को प्रदान की जाती है न कि खिलाड़ी विशेष को । तदनुसार, भारत सरकार द्वारा उक्त खिलाड़ी या अन्य किसी खिलाड़ी को प्रतिभागिता के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई थी ।

*****